हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 आपातकाल देश के लोकतांत्रिक इतिहास ...



12 केंद्रीय प्रभारी अधिकारी नरहरि ने विकास ...





## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सेवा योजना सी प्रमाण पत्र के लिए मौखिक परीक्षा



**जगदलपुर।** शहर के शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सी प्रमाण पत्र के मौखिक परीक्षा संपन्न हुई। बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों के लिए तीन प्रकार से प्रमाण पत्र वितरण किया जाता है, जिसमें सी प्रमाण पत्र प्रोजेक्ट जमा किए हुए स्वयंसेवकों को मौखिक परीक्षा अंतिम चरण होता है। इसके लिए पूरे बस्तर संभाग के स्वयंसेवकों ने भाग लिया जिसमें नारायणपुर जिले, कोंडागांव, बस्तर, कांकेर जिला से आए हुए स्वयंसेवकों ने सी प्रमाण पत्र के लिए मौखिक परीक्षा दिए। बाह्य परीक्षक जनेंद्र कुमार दीवान कार्यक्रम समन्वयक रासेयो हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग शामिल रहे।

### वनरक्षक सहायक ग्रेड 3 पर शीघ्र भर्ती की मांग



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ बस्तर संभागीय अध्यक्ष अमित कुमार झा ने संविदा नियुक्ति में भर्ती करने की प्रक्रिया को समाप्त कर एवं नए वन रक्षक सहायक ग्रेड 3 की भर्ती को शीघ्र की मांग की। उसे भर्ती में भी दैनिक वेतन श्रमिकों की भर्ती में भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो ताकि दैनिक वेतन श्रमिक जो विगत 10-15 सालों से शासन को अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनका नियमितीकरण हो सके। वर्तमान सरकार द्वारा भी अपने घोषणा पत्र में दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करने हेतु वादा किया गया था, इससे दैनिक वेतन भोगियों का नियमितीकरण भी हो जाएगा। वनों की सुरक्षा हेतु नए वन रक्षक मिल जाएंगे, जिससे नवयुवकों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### माड़पाल एवं पंडरीपानी में बनेगा महतारी सदन



**जगदलपुर।** ग्राम माड़पाल एवं पंडरीपानी में महतारी सदन निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसपर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है। जगदलपुर विधानसभा में इसके पूर्व 4 महतारी सदन का निर्माण ग्राम कोलेंग, चिंगपाल, मारकेल एवं नानगुर में कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसके साथ जगदलपुर विधानसभा में 6 महतारी सदन निर्माण हो जायेगा। महतारी सदन हमारे मातृशक्ति को सशक्त, सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र होगा। किरण देव के प्रयास से क्षेत्र के माड़पाल एवं पंडरी पानी में महतारी सदन निर्माण कार्य के लिए 60 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुआ है। महतारी सदन निर्माण से क्षेत्र के महिला बहनों में हर्ष व्याप्त है। महिलाओं ने क्षेत्र के संवेदनशील विधायक का आभार व्यक्त किया है। सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित करने का बेहतर विकल्प होंगा। देव ने कहा महिला सशक्तिकरण में महतारी सदन का विशेष योगदान होगा।

### श्रमिकों के बच्चों को देंगे मुफ्त आवासीय शिक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी एवं प्रतिभाशाली बच्चों को देश के बेहतरीन आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। योजना शेष पेज 12 पर

# कार्यकर्ता डा. मुखर्जी के विचारों व आदर्शों को आत्मसात करें : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। जिला कार्यालय में आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके छाया चित्र में माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं से उनके विचारों व आदर्शों को आत्मसात कर निरंतर कार्य करने की बात कही। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिये अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हम सभी के लिये प्रेरणास्रोत है। उनके विचार, त्याग व राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण आज भी देशवासियों को राष्ट्र निर्माण के लिये प्रेरित करता है।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विद्याशरण तिवारी व जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भी संबोधन दिया और कार्यकर्ताओं को उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने और राष्ट्र निर्माण व देशवासियों के लिये समर्पित भाव से कार्य करने आह्वान किया। संचालन जिला महामंत्री परीस राम बेसरा ने किया।

### भाजपा कार्यालय में श्यामा प्रसाद को किया गया याद






#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय, रामाश्रय सिंह, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जिला उपाध्यक्ष आर्येंद्र सिंह आर्य, योगेन्द्र पाण्डेय, ललिता बघेल, रामकुमारी यादव, सफीरा साहू, नारायण ठाकुर, किरण सेन, धर्मपाल महावर, राजेंद्र बाजपेयी, सुरेश गुप्ता, रोहित त्रिवेदी, मनोहर दत्त तिवारी, कृष्ण कुमार शुक्ला, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, शशिनाथ पाठक, राकेश तिवारी, विक्रम सिंह यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अधूरे सड़क निर्माण कार्य से ग्रामीणों का आना-जाना हो रहा मुश्किल

# मानसून के दस्तक देते ही संभाग के डेढ़ सौ करोड़ के निर्माण कार्य रूके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बारिश के मौसम में अपनी आजीविका चलाने के लिए खेतों का रुख कर लिया श्रमिकों ने

बस्तर संभाग में मानसून की भारी बारिश के कारण लगभग 150 करोड़ रुपए के सड़क, पुल, भवन आदि निर्माण कार्य ठप पड़ गए हैं। कार्य रुकने से अधिकतर मजदूर अपने गांवों को लौट गए हैं और खेती-किसानी व धान की बोवनी के काम में जुट गए हैं। संभाग के सातों जिलों बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर में चल रहे निर्माण कार्य प्रभावित हुए हैं। बारिश के दौरान डामरीकरण, पुल-पुलिया और अर्थ-वर्क जैसे कार्य गुणवत्ता बनाए रखने के लिए रोक दिए जाते हैं। बारिश के मौसम में डामर बिटुमिन पानी के संपर्क में आने से खराब हो जाता है, जिससे सड़कों की गुणवत्ता घट जाती है। निर्माण स्थलों पर भारी मशीनें जैसे जेसीबी और रोलर को कीचड़ में चलने में परेशानी होती है। ठेकेदारों के पास काम रुकने के कारण श्रमिकों ने बारिश के मौसम में अपनी आजीविका चलाने के लिए खेतों का रुख कर लिया है। वे वर्तमान में धान की बुवाई और रोपाई के पारंपरिक कृषि कार्यों में सक्रिय हैं। वहीं ग्रामीणों के अनुसार अधूरे सड़क निर्माण कार्य से ग्रमीणों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है।



#### बारिश के बाद होगा डामरीकरण

नक्सल मुक्त होते ही विकास की नई इबारत लिखते हुए बीजापुर जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में गलगम से करेकुट्टा तक पहली बार पक्की सड़क का निर्माण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग की ओर से गलगम-करेकुटटा गांव तक साढ़े तीन किमी 8 करोड़ रूपए की लागत से सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस सड़क का डामरीकरण बारिश के बाद किया जाएगा, जिससे गलगम, करेकुटटा, कोत्तापल्ली गांव के ग्रामीणों को पगडंडी से छुटकारा मिलेगा।

#### सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर

बताया जा रहा है कि कोंटा-गोलापल्ली, गीदम-बारसूर, दंतेवाड़ा के पिनकोंडा से समरथपारा होते हुए बीजापुर बायपास, गीदम से बांगाबाड़ी, गीदम-दंतेवाड़ा-किरंदुल, सुकमा के ग्राम झापरा से पुसपल्ली, बोदागुड़ा से सामसट्टी, केरलापाल से पोग्गाभेज्जी, गलगम से कर्रेगुटटा, भीमारम पुसुगुप्पा, पुजारीकांकेर से कर्रेगुटटा, पुनपल्ली से गोंडपल्ली, कांकेर जिले के खैरखेड़ा से गोटीटोला, रिसेवाड़ा से भैंसमुडी, दमकसा से पटेचुआ, अमोड़ा नरहरपुर, नारायणपुर अंतागढ़ स्टेट हाइवे, बेलगांव से पीव्ही 87, डोगरगांव भालोपारा भेराडीह मार्ग आदि प्रगति पर है।

#### ठेकेदारों को दिए निर्देश

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने बताया कि मानसून के चलते निर्माण कार्य रूक गए, बारिश के बाद यह निर्माण कार्य शुरू होंगे। इसके लिए ठेकेदारों को निर्देश दिया कि समय सीमा में निर्माण कार्य करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश, केरल से 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

- पैसे के लेनदेन के लिए किराए पर दिया था बैंक खाता
- आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

दंतेवाड़ा पुलिस ने साइबर अपराध करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को केरल से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपियों ने अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड और सिम कार्ड साइबर ठगों को उपलब्ध कराए थे, जिनका इस्तेमाल 61 लाख से ज्यादा की ठगी में किया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन व एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी गीदम अमित बेरिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेंद्र तेलामी निवासी हारमपारा, गीदम ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात लोगों ने ऑनलाइन टास्क और निवेश के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा कराकर उसके साथ 61लाख 06 हजार 592 रुपये की साइबर ठगी की है। शिकायत पर थाना गीदम में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल और पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के आधार पर तकनीकी साक्ष्य, बैंक खातों के विश्लेषण और अन्य राज्यों में जांच की गई। जांच में ठगी में इस्तेमाल बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जानकारी मिली। इस केस में पहले भी महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली और केरल से कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

फरार आरोपियों की तलाश में गठित विशेष टीम को केरल रवाना किया गया। टीम ने कोझिकोड जिले से 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें 21 वर्षीय मुहम्मद नीजाज आर.एम., 23 वर्षीय अभिनव श्रीनिवास और 21 वर्षीय मुहम्मद साहिल शामिल हैं। आरोपी मुहम्मद नीजाज ने पूछताछ में बताया कि उसके नाम से विभिन्न बैंकों में 7-8 खाते संचालित थे। इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से मिली रकम के लेन-देन, ऑनलाइन ट्रांसफर और नकद निकासी के लिए किया जाता था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को छत्तीसगढ़ लाते समय 20 जून को केरल के मलाबार क्षेत्र के एक लॉज से वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। स्थानीय थाने में अपराध दर्ज कराया गया और 21 जून को उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अभिनव श्रीनिवास ने बताया कि उसने अपने परिचितों और अन्य लोगों के नाम से बैंक खाते खुलवाए। साइबर ठगी की रकम उन खातों में मंगवाकर कमीशन के बदले आगे भेजता था। वह रकम को क्रिप्टो करेंसी के जरिए अन्य लोगों तक पहुंचाता था और इसके बदले कमीशन लेता था। मुहम्मद शेष पेज 12 पर

#### फरार आरोपियों की खोजबीन जारी

तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

#### लालच में न फंसने की अपील

दंतेवाड़ा पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन निवेश, पार्ट-टाइम जॉब, टास्क आधारित कमाई, टेलीग्राम, व्हाट्सएप लिंक या अज्ञात वेबसाइटों पर पैसे लगाने से पहले सत्यता जरूर जांच लें। साइबर ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# सड़कों पर लोहे के पहिए वाले ट्रैक्टर चलाने पर होगी कार्रवाई : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

जिला प्रशासन अब सड़कों की सेहत बिगाड़ने और हादसों को न्योता देने वाले लापरवाह वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने जा रही है। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा इस बारे में जारी कड़े दिशा-निर्देशों के तहत खेतों में इस्तेमाल होने वाले लोहे के नुकीले पहियों याने आयरन केजव्हील वाले ट्रैक्टरों को सामान्य और सीमेंट की सड़कों पर दौड़ाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर जनहित याचिका के आदेशों और लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी हालिया दिशा-निर्देशों के परिपालन में यह सख्त कदम उठाया गया है। ऐसा करते पाए जाने पर अब ट्रैक्टर मालिकों और चालकों के खिलाफ सीधे चालानी और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग और लोक निर्माण विभाग के मुताबिक किसान अक्सर खेतों में जुताई के लिए ट्रैक्टरों में लोहे के रिंग या दोहरे पिंजरों वाले पहिए (केजव्हील) लगाते हैं, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर इन्हें हटाए बिना ही वाहनों को सीधे डामर और सीमेंट की मुख्य सड़कों या राष्ट्रीय राजमार्गों पर दौड़ा दिया जाता है। बिना रबर टायर के इन लोहे के नुकीले पहियों के चलने से सड़कें बुरी तरह उखड़ और टूट रही हैं, जिससे न केवल सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंच रहा है बल्कि आम राहगीरों के लिए दुर्घटनाओं का जोखिम भी कई गुना बढ़ गया है, जो मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसे मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर के निर्देशों के तहत अब इस मुहिम को सिर्फ दंडात्मक कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसके समानांतर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके तहत ग्रामीणों को मोटरयान नियमों की जानकारी दी जाएगी ताकि वे खुद इन नियमों के प्रति सचेत और जागरूक हो सकें। प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद अब जिला व क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुहिम के तौर पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई

*प्रशासन ने चेतावनी दी है कि खेतों से निकलते ही ट्रैक्टरों से लोहे के केजव्हील को हटाना अनिवार्य होगा और यदि कोई भी ट्रैक्टर बिना रबर टायर के सड़कों पर दौड़ता पाया गया, तो जुर्माने के साथ वाहन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों और किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने और सड़कों को सुरक्षित रखने में सक्रिय सहयोग करें।*

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- बड़ाजीं थाना क्षेत्र के सिंगनपुर गांव की घटना
- बीती रात घर पर था तभी बारिश के दौरान गाज

बड़ाजीं थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगनपुर में बीती रात आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक अन्य झुलस गया।

जानकारी के मुताबिक युवक बीती रात को अपने घर के कमरे में बैठा था। तभी उस पर आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही दूसरे कमरे में बैठा एक अन्य परिजन को भी बिजली का झटका लगा। जानकारी के मुताबिक बड़ाजी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगनपुर निवासी बलराम नाग 22 वर्ष जो अपनी नानी नाना के साथ उन्ही के घर में रहता था। बलराम के माता पिता की बचपन मे ही मौत हो जाने के बाद उसकी परवरिश उसके ननिहाल में हुआ। ननिहाल में रह रहा बलराम कुली मजदूरी का काम भी करता था। बीती रात बारिश होने के साथ ही आकाशीय बिजली चमक रही थी। इस दौरान घर के अंदर बैठे बलराम के ऊपर बिजली आ गिरी। चपेट में आने से बलराम की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों द्वारा घटना की जानकारी बड़ाजीं पुलिस को दिया गया। बड़ाजी पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भेजा गया। गुरुवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौप कर बड़ाजी पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीएम के दौरान बड़ी संख्या में परिजन व ग्रामीण मेकाज में मौजूद थे।

### अनन्या कृषि केंद्र के निजी गोदाम में हुई उर्वरक चोरी

# खाद की कीमतों में 40 फीसदी की बढ़ोतरी से किसान बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भाजपा राज में उर्वरक घोटाला उजागर, कांग्रेस जांच समिति के दबाव में जागा कृषि विभाग : जैन




भाजपा के राज में कृषि क्षेत्र पूरी तरह संकट में है और किसानों के साथ खुलेआम अन्याय हो रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उक्त बातें शहर के राजीव भवन में ग्राम नानगुर में उर्वरक की चोरी को लेकर गुरूवार को आयोजित पत्रवार्ता में कांग्रेस के पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कही। उन्होंने उर्वरक घोटाले का भंडाफोड़ करते हुए बताया कि अनन्या कृषि केंद्र के निजी गोदाम को कृषि विभाग द्वारा अनियमितताओं के चलते सील किया गया था। लेकिन घोर लापरवाही और प्रशासनिक नाकामी का परिचय देते हुए, पंचनामा बनाकर वह गोदाम उन्हीं आरोपियों के सुपुर्द कर दिया गया, और इसकी भनक पुलिस विभाग तक को नहीं लगने दी गई। उन्होंने आंकड़ों के साथ खुलासा कर कहा कि गोदाम में रखी 338 बोरी पोटाश का कोई वैध दस्तावेज नहीं था, 1320 बोरी यूरिया को रिपा गोठान में रखा गया था, जो सीलबंद था। आरोपियों ने बेखौफ होकर इस सरकारी सील को तोड़ा और पूरी खाद को अवैध रूप से बाजार में बेच दिया। इस पूरे घोटाले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन जैसे ही कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए अपनी समिति गठित की, कृषि विभाग की नींद टूटी। कांग्रेस जांच समिति के दबाव में आकर विभाग ने आनन-फानन में जांच दल बनाया और एफआईआर दर्ज कराई। मामले में दो लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनन्या कृषि केंद्र के संचालक का लाइसेंस निरस्त किया गया है। श्री जैन ने किसानों की आर्थिक बदहाली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों की कीमतों में 40 प्रतिशत तक की भारी वृद्धि कर दी गई है। इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। स्थानीय स्तर पर खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों की फसलों पर संकट मंडरा रहा है और वे पड़ोसी राज्य उड़ीसा से ब्लैक (कालेबाजार) में खाद खरीदने को मजबूर हैं।

#### भाजपा सरकार किसान विरोधी

पूर्व विधायक ने भाजपा सरकार को 'किसान विरोधी' बताते हुए कहा कि सरकार केवल कागजों और बयानों में बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। आज प्रदेश का किसान कृषि संकट, पेट्रोल-डीजल की किल्लत और लगातार बढ़ती कीमतों व अभूतपूर्व महंगाई से त्रस्त है। भाजपा सरकार को इन बुनियादी मुद्दों पर जवाब देना चाहिए। कांग्रेस पार्टी मांग है कि बड़ी-बड़ी डींगें हांकने वाली भाजपा सरकार किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कना बंद करे और तत्काल किसानों को राहत देते हुए आगामी धान खरीदी के लिए 4000 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की राशि देने की घोषणा करे।

#### ये रहे मौजूद

नानगुर में उर्वरक की चोरी को लेकर सात सदस्यी जांच समिति निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, शहर महामंत्री अभिषेक नायडू, महामंत्री विजय सिंह, प्रशांत जैन, ब्लॉक अध्यक्ष फूलसिंह बघेल, रविशंकर तिवारी, दयाराम कश्यप, लता निषाद, एस नीला, मोहसिन खान आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के लिए, 3 जुलाई तक आवेदन

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए पात्र विद्यार्थियों से 3 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाकर 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। निर्माण श्रमिक का पंजीयन कम से कम 1 वर्ष पुराना होना चाहिए। श्रमिक के प्रथम दो बच्चे ही योजना के लिए पात्र होंगे। प्रवेश के लिए बच्चे की आयु 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए। विद्यार्थी ने पिछले वर्ष किसी मान्यता प्राप्त शासकीय विद्यालय में नियमित अध्ययन किया हो। निर्माण श्रमिक पंजीयन कार्ड एक वर्ष पुराना, निवास प्रमाण, पत्रआधार कार्ड, कक्षा 5वीं की अंकसूची, वर्तमान अध्ययनरत प्रमाण पत्र। आवेदन जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय, श्रम संसाधन केंद्र जनपद पंचायत, नजदीकी लोक सेवा केंद्र अथवा चॉइस सेंटर के माध्यम से किया जा सकता है।

### सफल सिजेरियन ऑपरेशन से बची दुधारू गाय की जान



**फरसगांव।** पशु चिकित्सा विभाग की तत्परता और चिकित्सकों की कुशल शल्य चिकित्सा से ग्राम बोरगांव की एक दुधारू गाय का जीवन बचा लिया गया। 13 जून को गाय को प्रसव संबंधी गंभीर समस्या डिस्टोकिया होने के कारण सामान्य प्रसव संभव नहीं हो सका। जांच में पाया गया कि गाय का योनि मार्ग संकरा था और गर्भस्थ बछड़े की गर्दन असामान्य रूप से मुड़ी हुई थी, जिससे प्रसव पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने तत्काल सिजेरियन ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। डॉ. ढालेश्वरी, डॉ. दीपिका सिदार, डॉ. सुमन उइके एवं ए.वी.एफ.ओ. डी.पी. साहू की टीम ने रात 10 बजे सफल ऑपरेशन कर मृत बछड़े को बाहर निकाला और गाय की जान बचाई। उपचार एवं देखभाल के बाद गाय अब पूरी तरह स्वस्थ है। प्रतिदिन दूध दे रही है।

### सोमनाथ स्वाभिमान यात्र के लिए कोंडागांव से 20 श्रद्धालु रवाना

**कोण्डागांव।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित यात्र का शुभारंभ रायपुर रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं संस—ति मंत्री राजेश अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। कोंडागांव से 20 श्रद्धालुओं के दल को सोमनाथ यात्र के लिए विदाई दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। यात्रा के दौरान श्रद्धालु सोमनाथ में आयोजित कलश यात्र, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विशिष्ट जनों के साथ संवाद कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। श्रद्धालुओं को सोमनाथ ज्योर्तिलिंग के दर्शन का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक पूरे देश में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

### 30 तक श्रमिक कार्ड में आधार अनुसार कराना होगा संशोधन

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजी—त सभी निर्माण श्रमिकों को अपने श्रमिक कार्ड में आधार कार्ड के अनुसार विवरण अपडेट कराना होगा। श्रमिक कार्ड में नाम, जन्मतिथि एवं अन्य व्यक्तिगत विवरणों का आधार कार्ड के अनुरूप संशोधन कराना अनिवार्य किया गया है। मंडल द्वारा श्रमिक कार्ड संशोधन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। निर्धारित समयावधि के भीतर प्रक्रिया पूरी करना आवश्यक होगा। समय पर संशोधन नहीं कराने वाले श्रमिकों को भविष्य में मंडल द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

# आपातकाल देश के लोकतांत्रिक इतिहास पर था सबसे बड़ा हमला : विधायक लता

## लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान की मूल भावना के संरक्षण का उसेंडी ने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

25 जून 1975 को लागू किए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताते हुए पूर्व मंत्री एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि यह देश के लोकतांत्रिक इतिहास पर सबसे बड़ा हमला था। इमरजेंसी की बरसी पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और नागरिक अधिकारों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

विधायक उसेंडी ने कहा कि 21 माह तक प्रभावित रहे लोकतांत्रिक अधिकार बाधित रहे। 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक चले आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं पर व्यापक प्रतिबंध लगाए गए, विपक्षी नेताओं को जेल भेजा गया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि उस दौर में संविधान प्रदत्त कई अधिकार व्यवहारिक रूप से सीमित हो गए थे। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के बाद बदली राजनीतिक परिस्थितियों के बीच आपातकाल लागू किया गया। उनके अनुसार, इस दौरान जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, जॉर्ज फर्नांडिस रामविलास पासवान और शरद यादव सहित अनेक राजनीतिक नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### मीडिया पर सेंसरशिप का भी किया उल्लेख

विधायक उसेंडी ने कहा कि आपातकाल के दौरान प्रेस सेंसरशिप लागू की गई थी, कई समाचार पत्रें के प्रकाशन पर रोक लगी और पत्रकारों को भी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रहार बताते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मीडिया को लोकतंत्र की आधारशिला बताया।



**लोकतंत्र सेनानियों को दी श्रद्धांजलि** – प्रेसवार्ता के अंत में आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, कुलवंत सिंह चहल, हिना श्रीवास्तव, दयाराम पटेल, अश्वनी पांडे, जैनेंद्र ठाकुर सहित भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युवाओं से इतिहास जानने की अपील

उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को आपातकाल के इतिहास का अध्ययन करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों की पुनरावृत्ति न हो। उनके अनुसार लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं है, बल्कि विचारों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति, राजनीतिक असहमति का सम्मान और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा भी इसकी महत्वपूर्ण आधारशिला है।

## स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और कृषि क्षेत्र में सुधार के दिए निर्देश

# केंद्रीय प्रभारी अधिकारी नरहरि ने विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नीति आयोग के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी पी. नरहरि ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं और विकास कार्योंर् की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पोषण को जिले की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी संस्थानों के नियमित संचालन और प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था पर जोर** – बैठक में स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही आश्रम एवं छात्रवासों में स्वच्छता, पौष्टिक भोजन और स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिए गए।

**किसानों की आय बढ़ाने पर फोकस** – श्री नरहरि ने कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने उन्नत कृषि तकनीकों, सूक्ष्म सिंचाई और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।



**बायर–सेलर मीट और फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा** – किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए नियमित बायर–सेलर मीट आयोजित करने तथा कृषि उत्पादन आधारित खाद्य प्रसंस्करण केंद्र स्थापित करने की पहल करने के निर्देश दिए गए।

महिलाओं और युवाओं के लिए आजीविका अवसर स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, ग्राम उद्योगों को बढ़ावा देने और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

**पर्यटन विकास से रोजगार सृजन की संभावना** – उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देकर स्थानीय स्तर पर रोजगार और आजीविका के नए अवसर विकसित किए जा सकते हैं।

**कलेक्टर ने प्रस्तुत की जिले की प्रगति रिपोर्ट** – बैठक में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिले की उपलब्धियों, विकास कार्योंर् और प्रशासनिक नवाचारों की जानकारी प्रस्तुत की।

**अधिकारी रहे उपस्थित** – इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन-जंगल यात्रा-2.0 की तैयारियों को लेकर बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

■ विधायक नीलकंठ अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

27 जून को आयोजित होने वाली जन-जंगल यात्रा–2.0 के सफल आयोजन एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से जनपद पंचायत के सभाकक्ष में विधायक नीलकंठ टेकाम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में विधायक टेकाम ने यात्रा की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन-जंगल यात्रा–2.0 का उद्देश्य प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा जन-जागरूकता का संदेश आमजन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में यात्रा मार्ग, पेयजल, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह तय किया गया कि यात्रा में शामिल होने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं सहभागी निर्धारित समय पर स्थानीय बस स्टैंड में एकत्रित होंगे, जहां से गढ़सिल्यारा की ओर जन-जागरूकता ट्रैकिंग का शुभारंभ किया जाएगा। विधायक टेकाम ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से अनिवार्य रूप से जूते पहनने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रैकिंग वन क्षेत्र एवं दुर्गम मार्गों से होकर गुजरेगी, इसलिए सभी प्रतिभागी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए इसमें शामिल हों।

# सरकार आपके साथ है, खूब पढ़ाई करें आगे बढ़ें: टेकाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

■ सालेभाट में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सालेभाट में गुरुवार क़ो ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी बच्चों उत्साहित नजर आये कार्यक्रम में सर्वप्रथम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक वंदन करते हुए स्वागत किया। जिसके बाद मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए नीलकंठ टेकाम ने अपने विद्यालय जीवन क़ो याद करते हुए कहा कि जब पढ़ते थे तो बहुत ही विपरीत स्थिति थी। बहुत गरीबी थी शिक्षा को ग्रहण करना बहुत मुश्किल था लेकिन आज सरकार आपके साथ है, खूब पढ़ाई करो और परिस्थिति भी अच्छी है आगे बढ़ो हम आपके साथ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ग्राम सालेभांट की सरपंच अंजू तुलेस नेताम ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपनी ग्राम की मांगों को विधायक के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक श्रीवास्तव, राजेश शोरी ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, मंडल महामंत्री नवदीप सोनी एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सरपंच, बीइओ पोया जी, बीआरसी बलराम नाग एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# डॉ. मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए प्रेरणापुंज : रमशीला नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

■ बलिदान दिवस पर चंदेनींभाटा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

■ एक पेड़ माँ के नाम अभियान में किया पौधारोपण

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् परम श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर वार्ड क्रमांक 11 आश्रम वार्ड बूथ अंतर्गत चंदेनींभाटा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा एवं वार्ड पार्षद रमशीला नाग ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, समर्पण और अखंड भारत के संकल्प की अमर गाथा है। उन्होंने राष्ट्र की एकता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके आदर्श सदैव राष्ट्रसेवा का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी डॉ. मुखर्जी के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और जनकल्याण के कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए।

कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया।

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शांति नेताम, हृदय वर्मा, सूर्यपाल दुबे, कबीर गोटा, धर्मेंद्र कुलदीप, रमेश बघेल, हीरादई उसेंडी, राधाबाई कुलदीप, हेमलता तेता, पूजा कुलदीप सहित बड़ी संख्या में बूथवासी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।*

# नीति आयोग के केंद्रीय प्रभारी ने जानी योजनाओं की जमीनी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नीति आयोग केंद्र सरकार के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी पी. नरहरि ने बुधवार को जिले में संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। ग्रामीणों व हितग्राहियों से संवाद कर उन्हें मिल रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की।

विकासखंड के ग्राम बोरगांव स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों, सिंचाई सुविधाओं तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा की। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभों की जानकारी ली और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने ग्राम लंजोड़ा के अटल डिजिटल सुविधा केंद्र में उपलब्ध डिजिटल एवं वित्तीय सेवाओं का अवलोकन किया तथा ग्राम जुगानीकलार के आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।



***ये रहे मौजूद:*** *दौरे के दौरान कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। फरसगांव एसडीएम अश्वन पुसाम, डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा एवं जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र नेताम भी मौजूद रहे।*

## पेज 11 के शेष...

### अंतर्राज्यीय साइबर ठगी...

साहिल ने भी माना कि उसने अपने बैंक खाते का इस्तेमाल ठगी की रकम के लेन-देन और निकासी के लिए किया। आरोपियों से साइबर ठगी नेटवर्क से जुड़ी अहम डिजिटल और वित्तीय जानकारी मिली है। इसके आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### श्रमिकों के बच्चों को...

के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए श्रम पदाधिकारी भूपेन्द्र नायक ने बताया कि इसके तहत चयनित विद्यार्थियों को सीधे कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रदान किया जाएगा और कक्षा 12वीं तक उनकी पढ़ाई, आवास और भोजन की सुविधा पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा। इस कल्याणकारी योजना का लाभ उठाने के लिए जिला प्रशासन और श्रम विभाग ने पात्र छात्र-छात्राओं से आगामी 3 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

## पारदर्शिता के लिए तैनात रहे नोडल अधिकारी

# आवास प्लस 2.0 के लिए विशेष ग्राम सभाएं संपन्न, पात्र हितग्राहियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 'आवास प्लस 2.0' सर्वे में शामिल हितग्राहियों की पात्रता एवं अपात्रता का निर्धारण किया गया। यह प्रक्रिया कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन में संपन्न हुई।

ग्राम सभाओं में हितग्राहियों की सूची पढ़ी गई। ग्राम सभाओं में पंजीकृत हितग्राहियों के नाम ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में पढ़कर सुनाए गए। प्रत्येक नाम पर चर्चा कर शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार पात्र एवं अपात्र परिवारों का चयन किया गया। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। उनकी निगरानी में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई।



### दावों और आपत्तियों का मौके पर निराकरण

ग्रामसभाओं के दौरान प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का तत्काल निराकरण किया गया, ताकि पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहें और अपात्र व्यक्तियों को लाभ न मिल सके। विशेष ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीणों ने भाग लिया। पूरे जिले में लोगों ने आवास चयन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता दिखाई।

### पक्के मकान का रास्ता हुआ साफ

चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 के नए पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जिला पंचायत प्रशासन ने सफल आयोजन के लिए अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण पर देंगे राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ उत्कृष्ट कार्यों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक आवेदक 31 जुलाई 2026 तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विश्व दिव्यांग दिवस पर होगा सम्मान किया जाएगा। चयनित व्यक्तियों एवं संस्थाओं को 3 दिसंबर 2026 को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारदिए जाएंगे। पुरस्कार दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पुनर्वास, कौशल विकास, रोजगार सृजन, सुगम्यता, अनुसंधान, खेल, कला, साहित्य एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्योंर् के लिए प्रदान किए जाएंगे।

### पात्र व्यक्तियों और संस्थाओं से आवेदन की अपील

समाज कल्याण विभाग ने सभी पात्र व्यक्तियों, कर्मचारियों एवं संस्थाओं से निर्धारित समयावधि में आवेदन कर अपने उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की अपील की है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं।

# मांगें पूरी नहीं हुईं तो ठप हो सकती हैं स्वास्थ्य सेवाएं, जूडा ने दी सामूहिक हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन जगदलपुर द्वारा इंटर्न चिकित्सकों, पीजी रेजिडेंट्स एवं अन्य जूनियर डॉक्टरों की विभिन्न मांगों एवं स्टाइपेंड संबंधी मुद्दों को लेकर जीएमसी जगदलपुर के अधिष्ठाता के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में इंटर्न एवं पीजी रेजिडेंट चिकित्सकों के स्टाइपेंड को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप युक्तिसंगत रूप से बढ़ाने, संविदा चिकित्सकों के मानदेय के पुनरीक्षण, विभिन्न भत्तों की व्यवस्था, सीपीआई आधारित स्वचालित स्टाइपेंड पुनरीक्षण प्रणाली, बॉन्ड नीति में सुधार, समयबद्ध एनओसी एवं पदस्थापना आदेश, सुपर स्पेशियलिटी कैडर के गठन, आयुष्मान इंसेंटिव में पीजी चिकित्सकों को शामिल करने तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में अनिवार्य पंजीयन एवं सत्यापन व्यवस्था को फिर लागू करने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। इस अवसर पर जूडा छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जीएमसी जगदलपुर के अध्यक्ष डॉ.मनोज कुमार यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी युवा चिकित्सक स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि उठो, जागो और तब तक संघर्ष करो, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। उन्होंने कहा कि जब तक छत्तीसगढ़ शासन जूनियर डॉक्टरों की न्यायोचित मांगों को पूरा नहीं करता, तब तक संगठन निरंतर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों से भी इन्हीं मांगों को लेकर ज्ञापन प्रेषित किए जा रहे हैं। यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में पूरे छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेजों के जूनियर डॉक्टर व्यापक आंदोलन एवं सामूहिक हड़ताल का निर्णय लेने के लिए बाध्य हो सकते हैं।

## मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के नाम अधिष्ठाता को दिया ज्ञापन

### स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध

जूडा जीएमसी जगदलपुर के उपाध्यक्ष डॉ. प्रांजल तिवारी ने कहा कि जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन सदैव चिकित्सकों के सम्मान, उनके अधिकारों एवं बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रदेश के युवा चिकित्सकों की समस्याओं एवं मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेंगे।



### न्यायोचित मांगों पर शीघ्र निर्णय लें

जूडा जीएमसी जगदलपुर के मुख्य सलाहकार डॉ. प्रशांत अनीप्पू ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल स्टाइपेंड वृद्धि का विषय नहीं है, बल्कि प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा तंत्र, चिकित्सकों के सम्मान और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा हुआ है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया कि शासन युवा चिकित्सकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी न्यायोचित मांगों पर शीघ्र उचित निर्णय लेगा।

## खबर संक्षेप

### धरमपुरा के वार्षिक मेला में शामिल हुए विधायक



**जगदलपुर।** सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड के शीतला माता मंदिर में आयोजित वार्षिक मेला में आस्था, पंरपरा और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। वार्षिक मेला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने माता शीतला मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। धरमपुरा में आयोजित वार्षिक मेला में ग्रामवासियों ने विधायक का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया । किरण देव ने कहा कि आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। बस्तर में आयोजित मेला, मंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें बस्तर की कला संस्कृति, परम्परा का समावेश होता है। उनके साथ पहुंचे नेताओं में आर्येंद्र सिंह, मनोहर तिवारी, बंसती समरथ, पूनम सिन्हा, अभिजीत प्रताप, वीर प्रताप, आर्दश बघेल, पप्पू राम नाग, शंकर निषाद, मंगलू राम, मानिक राम पंत शामिल थे।

### एसएमडीसी अध्यक्ष ने जताया आभार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय विद्यलय (बस्तर हाई स्कूल) के जीर्णोद्धार के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से विद्यालय का स्वरूप बदल कर इसे आकर्षक रूप दिया जाएगा। शासन द्वारा राशि स्वीकृत करने पर जगतु महारा बहुउद्देशीय विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष राकेश तिवारी ने शासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव और जगदलपुर विधायक किरण देव के प्रति आभार प्रकट किया है।



### रेडक्रास बकावंड ब्लाक टीम की कार्यकारिणी घोषित

**जगदलपुर।** बकावंड ब्लाक में सामाजिक तथा आपदा सहायता के साथ साथ रक्तदान को बढावा देने तथा रक्तदान हेतु जन जन तक पहुंच बनाने तथा रक्तदान को मुहीम बनाने के लिए समिती का गठन किया गया है। ब्लाक के टीम में अध्यक्ष हेतु बद्री नाथ जोशी, उपाध्यक्ष, मोना पाड़ी, शोभामनी दास, शेखर गुप्ता, सोमारू नेताम, सचिव, दयानिधि पांडे, कार्य कारीणी सदस्य तथा संरक्षक, शिवराम विसाई, जयमन देवांगन, उत्तम नाईक, गोपाल कश्यप, जयराम कश्यप, सोनाधर बघेल, सुखदेव कश्यप शामिल हैं। ये टीम हर महीने के आखरी शनिवार को प्रत्येक गांव में सिलसिलेवार जाकर रक्तदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे।

## नल जल योजना अधर में, तीन माह से सोलर पंप बंद

# नदी का पानी ढोने मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज : भोपालपटनम/बीजापुर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन (नल-जल योजना) का उद्देश्य प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। इसी लक्ष्य को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों ने करोड़ों रुपये खर्च किए। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। कई क्षेत्रों में इस योजना का लाभ लोगों तक पहुंच भी रहा है, लेकिन बीजापुर जिले के कुछ गांवों में यह योजना अभी भी अधूरी पड़ी हुई है, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ करोड़ों खर्च फिर भी पानी को तरसे ग्रामीण, दो साल से ठप पड़ी नल-जल योजना

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत अटूकपल्ली के पटेलपारा में दो वर्ष पूर्व नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने और घरों तक नल कनेक्शन देने का कार्य किया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि नल तो लगा दिए गए, लेकिन आज तक मुख्य जलापूर्ति लाइन से नहीं जोड़ा गया। परिणामस्वरूप योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पाया और करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, अब तक गांव में स्थापित सोलर पंप के माध्यम से पानी की व्यवस्था कर रहे थे, लेकिन यह सोलर पंप भी पिछले तीन महीनों से बंद पड़ा हुआ है। कई बार संबंधित विभागों को सूचना देने के बावजूद मरम्मत के लिए कोई अधिकारी या कर्मचारी गांव नहीं पहुंचा। मजबूरी में ग्रामीण, विशेषकर महिलाएं, प्रतिदिन इंद्रावती नदी से पानी लाकर अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं।

मीडिया टीम जब गांव पहुंची और ग्रामीणों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि तीन महीने से अधिक समय से पेयजल संकट बना हुआ है। गांव ब्लॉक मुख्यालय से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मुख्यालय के इतने नजदीक बसे गांव की यह स्थिति है, तो दूरस्थ गांवों की हालत का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

## अटूकपल्ली में कनेक्शन के बाद भी बूंद-बूंद पानी को मोहताज लोग

### महिलाओं का सारा दिन पानी लाने में गुजर रहा

ग्रामीणों ने बताया कि पानी लाने में महिलाओं का अधिकांश समय व्यतीत हो जाता है। सुबह से शाम तक पानी की व्यवस्था में लगे रहने के कारण वे अन्य घरेलू और आर्थिक कार्यों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पा रही हैं। इससे उनकी दिनचर्या और आजीविका दोनों प्रभावित हो रही हैं।



### बंद पड़े सोलर पंप की मरम्मत की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नल-जल योजना का अधूरा कार्य जल्द पूरा कराया जाए तथा बंद पड़े सोलर पंप की तत्काल मरम्मत कराई जाए। उनका कहना है कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है और बारिश के दौरान नदी से पानी लाना और भी कठिन तथा जोखिम भरा हो जाएगा। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई तो ग्रामीणों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

### क्रेडा खराब सोलर पंप नहीं सुधारता

क्षेत्रवासियों ने क्रेडा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि विभाग केवल सोलर पंप स्थापित कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है। जबकि उनकी नियमित निगरानी और रखरखाव की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लॉक क्षेत्र में लगे सोलर पंपों की स्थिति की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए ताकि खराब होने पर तत्काल मरम्मत की जा सके।



### काम छोड़ भागा ठेकेदार

अटूकपल्ली के सरपंच यालाम सुरेश से दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि इस समस्या की जानकारी नहीं थी। तत्काल संबंधित अधिकारियों और क्रेडा विभाग से चर्चा कर सोलर पंप की मरम्मत एवं समस्या के समाधान का प्रयास करेंगे। वहीं पीएचई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य बीच में छोड़ दिए जाने के कारण योजना अधूरी रह गई। विभाग के अनुसार कार्य पूरा करने के लिए दूसरे ठेकेदार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन उसने भी अभी तक काम प्रारंभ नहीं किया है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही अधूरे कार्य को पूरा कराया जाएगा। साथ ही सोलर पंप की खराबी की जानकारी क्रेडा विभाग को देकर सुधार कार्य कराने की बात भी कही गई है।

# उनके आदर्शों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा धर्म : सेठिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल ने जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद् एवं राष्ट्र की एकता-अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन, मारकेल में किया ।

■ डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नगरनार मंडल में श्रद्धांजलि सभा

शुभारंभ डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन, कश्मीर के लिए किए गए उनके ऐतिहासिक संघर्ष, एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, नहीं चलेंगे के उद्घोष तथा अनुच्छेद 370 के विरोध में दिए गए बलिदान को नमन किया।

संचालन मंडल महामंत्री राजेश शर्मा एवं मनोज पटेल ने किया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र प्रथम के भाव का प्रतीक है। हम सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि उनके आदर्शों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं।



मंडल उपाध्यक्ष सीमांचल दास एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी घरत ने भी संबोधित किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सविता साहनी, संगीता महाराणा, फूल सिंह नायर, सरिता साहू, रघुराम सेठिया, महादेव बघेल, घनश्याम सेठिया, गणेश सेठिया, दुजेश्वर देवांगन,लिंगेश्वर सेठिया, संजय गुप्ता, विकास पत्रों, मोरध्वज सेठिया, जितेन्द्र बाकडा, रूपेश समरथ, सुनील नाग, जुगल सेठिया, मुरली मनोहर दास, शिरो नाग, हरि सिंह बेसरा, तपन राय, महेंद्र बघेल , पुनीत साहू दिनेश सेठिया, गुरुबंधु कोकड़ू, मनोज गुप्ता, बलराम नाग,कल्याण सिंह ठाकुर, राजेंद नाग, सुखराम विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# जरूरतमंद हितग्राहियों को पक्का आवास मिलेगा : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विकास खंड लोहण्डीगुड़ा के ग्राम पंचायत गढ़िया में विशेष ग्राम सभा की गई। बैठक में सरपंच भरत कश्यप ने प्रधानमंत्री आवास प्लस

■ विशेष ग्राम सभा में गढ़िया पंचायत का निर्णय

एवं वीबी जी राम जी योजनाओं के अवलोकन के साथ गांव में सरकार द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा जनता गरीब और जरूरतमंदों के लिए हमारी सरकार समर्पित और संकल्पित है। ग्राम के सभी जरूरतमंद हितग्राहियों को पक्का आवास मिलेगा। ग्रामसभा में छात्र, छात्राओं की आय, जाति,



निवास प्रमाण पत्र बनवाया गया। गांव में चल रही विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। ग्रामवासियों की मांगों का अनुमोदन किया गया।

ग्राम सभा में सरपंच सहित सचिव कमुधर ठाकुर, पंच पीलूराम बघेल, निरंजन बघेल, तुलसी मण्डावी, रामसिंह कश्यप, दरबाली,सोभा राम, गुडंरू, लखेश्वर नाग, सामनाथ, कपीलदेव, पायको मण्डावी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# निष्पक्ष जांच और सीमांकन की जाए : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले के ग्राम पंचायत करपावंड में भूमि विवाद मामले पर गुरुवार को पत्रकार संघ भवन में ग्रामीणों ने पत्रकार वार्ता में अपना पक्ष रखा । इस दौरान बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे।

■ करपावंड भूमि विवाद पर ग्रामीणों ने रखी अपनी बात

सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के जिला अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने कहा कि करपावंड में भूमि संबंधी विवाद को एकतरफा प्रस्तुत किया जा रहा है। जबकि ग्रामीण लंबे समय से राजस्व अभिलेखों में कथित त्रुटियों के सुधार और निष्पक्ष सीमांकन की मांग कर रहे हैं।



ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बंदोबस्त के दौरान तैयार किए गए नक्शे और वर्तमान राजस्व अभिलेखों में कई विसंगतियां सामने आ रही हैं। उनका आरोप है कि पुराने खसरों और वर्तमान खसरों के बीच भूमि के रकबे एवं स्थिति को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण गांव में लगातार विवाद उत्पन्न हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार कलेक्टर, एसडीएम तथा तहसीलदार को ज्ञापन सौंप चुके हैं लेकिन अब तक संपूर्ण विवादित भूमि का निष्पक्ष सीमांकन नहीं कराया गया है।

महिलाओं ने भी पक्ष रखते कहा कि गांव में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन को जल्द से जल्द विवादित भूमि का सीमांकन कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से इस संबंध में गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अभी तक नहीं निकल पाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि 15 जून को कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में भी विवादित भूमि का सीमांकन कराने, राजस्व अभिलेखों की जांच कराने तथा बंदोबस्त के दौरान हुई कथित त्रुटियों के सुधार की मांग की गई थी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि विवादित भूमि के संबंध में वास्तविक स्थिति स्पष्ट किए बिना किसी भी प्रकार की कार्रवाई भविष्य में और विवाद को जन्म दे सकती है।

### निष्पक्ष जांच से निकलेगा हल

पुलिस कार्रवाई के तहत 12 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। वहीं ग्रामीणों एवं सर्व आदिवासी समाज का कहना है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि विवाद की वास्तविक वजह क्या है। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पक्षों को सुना जाए और विवादित भूमि का पुनः सीमांकन कराया जाए।

# कांस्य पदक जीतकर लौटे युवराज और समिधा का शानदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कुआलालंपुर, मलेशिया में 16 से 22 जून तक आयोजित प्रथम आईएफएमए स्कूल वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेकर कोलकाता से रायपुर ट्रेन द्वारा पहुंचने पर कांस्य पदक विजेता जगदलपुर बस्तर के युवराज सिंह, रायपुर की कु. समिधा अग्रवाल और यूएमएआई कमीशन के चेयरमैन अमन यादव का रायपुर रेल्वे स्टेशन में राज्य म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन के नेतृत्व में म्यूथाई संघ, विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी, टीम हियाल मार्शल आर्ट्स क्लब और परिजनों द्वारा शानदार स्वागत किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में भारत को जगदलपुर बस्तर के युवराज सिंह ने कांस्य पदक दिलाया। इसके अलावा रायपुर की कु. समिधा अग्रवाल अपने शानदार खेल की बदौलत क्वार्टर फाइनल तक पहुंची



और यूएमएआई कमीशन के चेयरमैन अमन यादव (संचालक विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर) को कुआलालंपुर मलेशिया विशेष आमंत्रित किया गया था। स्टेशन में स्वागत अवसर पर राज्य म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन, अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई खिलाड़ी टीम हियाल के विशाल हियाल, अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई खिलाड़ी विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी के शुभम निषाद, आकाश कासू, शरद अग्रवाल सहित खिलाड़ियों के परिजन आदि उपस्थित थे।

### सीनियर खिलाड़ी 27 को पहुंचेंगे

सीनियर खिलाड़ी जिसमें 16 से 26 जून 2026 तक आयोजित आईएफएमए वर्ल्ड सीनियर म्यूथाई चैंपियनशिप में शानदार खेल की बदौलत क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे रायपुर की कु. टिकेश्वरी साहू (कोच खेल एवं युवा कल्याण दंतेवाड़ा) और रायपुर के प्रवीण कृष्ण जायसवालन का 27 जून को स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पर सुबह 11.30 बजे म्यूथाई संघ द्वारा स्वागत किया जाएगा।

## जिला खनिज संस्थान न्यास निधि शासी परिषद की समीक्षा बैठक

# प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में डीएमएफटी राशि का करें उपयोग : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि शासी परिषद सह समीक्षा बैठक प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में

■ स्कूल, आंगनबाड़ी और प्रभावित क्षेत्रों के विकास कार्यों को प्राथमिकता सूची में रखें

डीएमएफटी मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा और डीएमएफटी मद के नए नियमों के अनुसार तहत 8 सेक्टरों के लिए आगामी पांच वर्षों के लिए प्रस्ताव पर चर्चा की गई। समिति को स्वीकृत कार्यों की स्थिति, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी निर्माण एवं क्रियान्वयन एजेंसीवार प्रस्तुत की गई। बैठक में सांसद महेश कश्यप ने कहा कि डीएमएफटी मद की राशि का उपयोग प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों के भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण तथा गत वर्ष के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।



विधायक विनायक गोयल ने कहा कि ऑयल पाम उत्पादन करने वाले किसानों को उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। इस मद से पूर्व वर्षों में स्वीकृत विकास कार्यों के निर्माण में तेजी लाई जाए।

बैठक में कलेक्टर आकाश छिकारा ने डीएमएफटी मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष कर देवगुड़ी निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करवाएं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, समिति के अन्य सदस्य गण, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, डीएमएफटी के नोडल अधिकारी ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में डीएमएफटी से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया गया।